इ. गा. राष्ट्रीय खुला विश्वविधालय महिला कानिस्टेबल के लिए आयोजित आमुखीकरण सेमीनार 02 जून 2017

जीवन में सीखना निरन्तर प्रक्रिया है, इसे जीवनपर्यन्त बनाये रखे- राजीव दासोत

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सीखना-सिखाना एक निरन्तर प्रक्रिया है, इसे हमें अपने विभिन्न प्रयासों से जीवन पर्यन्त निरन्तर बनाये रखना चाहिये। यह विचार राजीव दासोत, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी ने अकादमी की पहल पर इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय खुला विश्वविधालय द्वारा बैच संख्या 66 की 188 महिला कानिस्टेबल के लिए आयोजित आमुखीकरण सेमीनार में व्यक्त किये। उन्होने जोर देकर कहा कि हमें निरन्तर बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस विषयों के साथ ही अन्य मानविकी विषयों पर भी ज्ञान बढ़ना चाहिये ओर इसके लिए इग्नू एवं उनके पाठ्यक्रम उपयोगी साबित हो सकते है।

मनोज कुमार दास, सेमीनार के मुख्य वक्ता एवं क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू ने कहा कि पुलिस विषयों के अलावा अन्य विषयों का अध्ययन अपने नियमित काम की ओर अच्छा करने एवं समाज को व्यापक नजरिये से समझने में मदद करेगा। उन्होने इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सेज विशेषत: जेण्डर एवं विकास अध्ययन, आपदा प्रबन्धन,

सूचना तंत्र सुरक्षा, अपराध ण्पं न्याय व्यवस्था, साईबर लॉ, मानव अधिकार मानव तस्करी, सम्प्रेषण एवं सूचना तंत्र कौशल स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर पुलिस कार्मिकों के लिए उपयोगी बताते हुए विस्तृत जानकारियां दी।

अकादमी द्वारा अपने प्रशिक्षुओं के विकास के लिए प्रशिक्षण सहित अन्य नवाचारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इग्नू के साथ यह सेमीनार भी इन्ही नवाचारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अकादमी एवं इग्नू इसके लिए निरन्तर कार्य करते रहेंगे।

सेमीनार के अन्त में श्रीमती अनुकृति उज्जैनियां, सहायक निदेशक ने इग्नू के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया एवं अकादमी की ओर से आलोक सैनी, पुलिस निरीक्षक ने इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक को स्मृति चिन्ह् भेंट किया।